समाचार

आयुक्त ने किया नालों के सफाई कार्य का निरीक्षण

(कार्यो में तेजी लाने, मानसून से पूर्व सभी नाले–नालियों की सफाई सुनिश्चित करने के दिए निर्देश)

कोरबा 27 मार्च 2019 –आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने आज मानसून से पूर्व निगम क्षेत्र में स्थित बड़े नालों की सफाई हेतु चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान का निरीक्षण किया, उन्होने सफाई कार्यो में आवश्यक तेजी लाने एवं मानसून आगमन से पूर्व क्षेत्र के सभी बड़े नालों का सफाई कार्य पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा प्रतिवर्ष की भांति मानसून आगमन से पूर्व निगम क्षेत्र में स्थित समस्त बड़े नालों की सफाई का कार्य एक विशेष अभियान चलाकर किया जा रहा है। आज आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने कोरबा, टी.पी.नगर एवं कोसाबाडी जोन के विभिन्न स्थानों में स्थित नालों में किए जा रहे सफाई कार्यो का निरीक्षण किया, उनके साथ भ्रमण के दौरान वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक डॉ.संजय तिवारी एवं सुनील वर्मा भी उपस्थित थे। भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री दुबे ने चित्रा टाकीज के सामने स्थित नाला, पावर हाउस रोड इंदर साईकिल स्टोर से लक्ष्मणवन होते हुए शनि मंदिर तक स्थित नाला, आश्रय होटल के पीछे स्थित नदी घाट, सुविधा काम्पलेक्स के पीछे स्थित नाला, मुड़ापार स्थित नवनिर्मित नाला, रविशंकर अटल आवास से दादर रोड में स्थित नाला, ब्लू वर्ड स्कूल के पास से कोसाबाड़ी राजेन्द्र प्रसाद नगर स्थित नाला आदि नालो का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री दुबे ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नालों की सफाई कार्यो में आवश्यक तेजी लाएं, नालों के किनारे पूर्व से जमा मलवे, मिट्टी, कचरे आदि को हटाएं, साथ ही नालों के किनारे उगी घांस, झाड़ियों आदि को हटाकर पानी के समुचित बहाव को सुनिश्चित कर लें। उन्होने निर्देश देते हुए कहा कि नालों की सफाई के दौरान उत्सर्जित मलवे का उठाव व परिवहन भी यथाशीघ्र सुनिश्चित करें ताकि मलवा वापस नाले में न गिरे एवं वर्षा के दौरान पानी का बहाव समुचित रूप से हो सके।

नालियों की निरंतर सफाई करें– आयुक्त श्री एस.के.दुबे ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निगम क्षेत्र में स्थित बड़े नालों की सफाई के साथ–साथ नालियों की भी सफाई सुनिश्चित करें, समय–समय पर नालियों से कचरे को निकालकर उसका तुरंत उठाव करें एवं यह सुनिश्चित करें कि सफाई कार्य से उत्सर्जित कचरा स्थल पर पड़ा न रहें।

नालियों में कचरा न डालें– आयुक्त श्री दुबे ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि घरों व दुकानों आदि से निकले हुए कचरे को नालियों में न डालें और न ही सड़क व सार्वजनिक स्थान पर फेंके। उन्होने कहा है कि घरों व दुकानों से उत्सर्जित सूखे व गीले अपशिष्ट को पृथक–पृथक डस्टबिन में संग्रहित करके रखें, डोर–टू–डोर अपशिष्ट

संग्रहण हेतु पहुंचने वाले सफाईमित्र के वाहन में ही कचरे को दें तथा निगम की साफ–सफाई व्यवस्था व नगर को साफ–सुथरा रखने में अपना सहयोग दें।